eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 6715/ Paper Cutting/ 235 दिनांक 03/09/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "हर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहाल" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "हिन्दुस्तान" में दिनांक– 02.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक "हर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहाल" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

| समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं दिनांक–02.09.2026 | हर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहाल | विकासखण्ड नौगढ़ में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की "हर घर जल" योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिन मार्गो पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करने के समय ही बैक फिलिंग कर दिया जाता है। तत्पश्चात् बिछायी गयी पाइप लाइन की टेस्टिंग एवं कमिशनिंग पूर्ण करने के उपरान्त खोदी गयी सड़कों/पटरियों के पुर्नस्थापन का कार्य करा दिया जाता है। साथ ही खुदायी के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु सम्बन्धित फर्म को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये जाते है। | – |

Lwh

अधिशासी अभियन्ता

# Chandauli News: हर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहाल

Sep 02, 2026 10:56 pm IST

By **Hindustan | Bureau**
हिन्दुस्तान, चंदौली

Preferred

Chandauli News: नौगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। हर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहालहर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहालहर घर जल योजना की खुदाई से सड़कें बदहालहर घर ज

Story continues below advertisement




Chandauli News: नौगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। हर घर जल नल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन बरसात में लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। नौगढ़ क्षेत्र में जेसीबी से सड़क किनारे गहरी खुदाई कराई जा रही है, जिससे कई जगह सड़क की पटरी गायब हो गई है। नौगढ़-मधुपुर और नौगढ़-धनकुवारी मार्ग पर आवागमन खतरनाक हो गया है। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन सड़क से बिल्कुल सटाकर बिछाई जा रही है। खुदाई के बाद मिट्टी की सही भराई नहीं हो रही। बारिश में गीली मिट्टी धंस रही है और पटरी कमजोर हो गई है। कई जगह सड़क इतनी संकरी हो गई है कि दो वाहनों को पास देने में दिक्कत हो रही है।

Story continues below advertisement

इस दौरान दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। रात में खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि खुदाई वाले स्थान पर कोई संकेतक या बैरिकेडिंग नहीं लगाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन जनहित की योजना है, लेकिन सड़क सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है। पाइपलाइन बिछाने के बाद पटरी की तत्काल मरम्मत होनी चाहिए। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जांच कर क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत और खुदाई वाले हिस्सों को सुरक्षित करने की मांग की है, नहीं तो बड़े हादसे की आशंका है।